Title: Need to undertake construction of Ahmednagar-Beed-Parli railway line via Sonpeth in Maharashtra. – Laid.

श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील (परभनी):अध्यक्ष महोदय, अहमदनगर बीड परली रेलवे लाइन का निर्माण कार्य चालू है। इस रेलवे खंड में कई नदियां पड़ती हैं, जिन पर पुल बनाने में काफी लागत बढ़ने की आशंका है। अगर इसको वाया सोनपेठ से बनाया जाये तो एक ओर तो इसकी लागत में कमी होगी और इसकी दूरी में भी कमी होगी। साथ ही सोनपेठ में कृाि का काफी उत्पादन होता है। परन्तु, परिवहन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण किसानों को अपनी उपज का मूल्य नहीं मिल पाता है और यहीं पर उच्च कोटि का कपास भी पैदा होता है, जिसका निर्यात होता है। इस रेलवे लाइन को अगर वाया सोनपेठ से बनाया जाये तो किसानों को तो फायदा होगा ही और रेलवे के राजस्व को बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि अहमदनगर बीड परली रेलवे लाइन को वाया सोनपेठ बनाया जाये।